**अभियंता प्रमुख का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।**
**सकारण आदेश**

संवेदक **M/s R.P construction, (Regd No-1190088/1170138),** At – Dakbangla Road, Kahalgaon, Dist- Bhagalpur, Pin No-813203 को **कार्य प्रमण्डल, बाँका–2** के अधीन योजनाशीर्ष **MR-3054** अन्तर्गत **(1) T03 to T02 via Sakharn Road** एवं **(2) Rajawar to Nawada Road** तक पथ का कार्य आवंटित था, जिसका एकरारनामा सं0–क्रमशः 62MBD/2018-19 एवं 61MBD/2018-19 है। एकरारनामा के अनुसार दोनों पथों की कार्य प्रारम्भ की तिथि–24.09.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–23.06.2019 एवं वास्तविक कार्य समाप्ति की तिथि–क्रमशः 09.11.2019 एवं 13.10.2019 थी।

उक्त दोनों एकरारित पथों में पथ की अनुरक्षण कार्य नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 का पत्रांक–779 दिनांक–08.05.2023, पत्रांक–1839 दिनांक–09.09.2023 एवं पत्रांक–2295 दिनांक–10.11.2023 द्वारा पथ में अनुरक्षण कार्य हेतु निदेशित किया गया, परन्तु संवेदक द्वारा अनुरक्षण नहीं किये जाने पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 के कार्यालय का पत्रांक–2426 दिनांक–27.11.2023 के द्वारा अंतिम मापी हेतु पत्र निर्गत किया गया, जिसकी सूचना संवेदक को भी दी गयी, परन्तु संवेदक मापी में उपस्थित नहीं हुए। इतनी लम्बी अवधि तक पथ का अनुरक्षण कार्य नहीं करने के कारण अंतिम मापी कर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 का पत्रांक–2633 दिनांक– 16.12.2023 एवं पत्रांक–2630 दिनांक–16.12.2023 के द्वारा उक्त दोनों पथों का एकरारनामा विखंडन किया गया।

तत्पश्चात् कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 के पत्रांक–1434 अनु0 दिनांक–08.06.2024, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, भागलपुर के पत्रांक–569 अनु0 दिनांक–12.06.2024 एवं मुख्य अभियंता–3, ग्रामीण कार्य विभाग, भागलपुर के पत्रांक–376 अनु0 दिनांक–19.07.2024 द्वारा उक्त संवेदक के **निबंधन संख्या–1190088/1170138** को कालीसूची में डालने हेतु अनुशंसा की गई।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2926 दिनांक–03.09.2024 के द्वारा पन्द्रह दिनों के अंदर कालीकरण के पूर्व संबंधित संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। संवेदक द्वारा पत्रांक/दिनांक–शून्य द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, जो दिनांक–11.11.2024 को संवेदक से कार्यालय में प्राप्त किया गया। समर्पित स्पष्टीकरण में स्पष्ट किया गया कि उक्त दोनों सड़क का अनुरक्षण कार्य को पूर्ण करने हेतु दो माह का समय दिया जाय। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 से मंतव्य की माँग की गई। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 के पत्रांक–246 अनु0 दिनांक–05.02.2025 एवं पत्रांक–297 दिनांक–13.02.2025 द्वारा मंतव्य दिया गया कि संवेदक द्वारा लम्बी अवधि तक पथ का अनुरक्षण कार्य लंबित रखने के कारण उनके द्वारा एकरारनामा विखंडित करते हुए संवेदक को कालीसूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा की गई। इससे स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने हेतु माँगी गई अवधि बीतने के पश्चात् भी संवेदक द्वारा अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया।

अतः कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बाँका–2 के द्वारा उपलब्ध कराये गये मंतव्य के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11(क)(VI) के आलोक में संवेदक **M/s R.P construction,** At – Dakbangla Road, Kahalgaon, Dist-Bhagalpur, Pin No-813203 के **निबंधन सं0–1190088/1170138** को अगले 04 (चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

24/3/25

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

CD

ज्ञापांकः—मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—29/2023-1162 /पटना, दिनांक-25/3/25

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—29/2023-1162 /पटना, दिनांक-25/3/25

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—29/2023-1162 /पटना, दिनांक-25/3/25

प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः— मु0अ0—4(मु0)सम्प्रति(नि0एवंगु0नि0)कालीसूची—10—29/2023-1162 /पटना, दिनांक-25/3/25

प्रतिलिपिः—संवेदक **M/s R.P construction, (Regd No-1190088/1170138),** At – Dakbangla Road, Kahalgaon, Dist- Bhagalpur, Pin No-813203 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

Manish